## महत्वपूर्ण एवं खास

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर पटवारी दुष्यंत कुमार कुर्रे तत्काल निलंबित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दुष्यंत कुमार कुर्रे, पटवारी (पहन 20) तहसील बरमकेला को निर्वाचन संबंधित कार्य हेतु ड्यूटी लगाई गई थी, निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरतने एवं स्वेच्छाचारितापूर्वक बिना अनुमति के ड्यूटी से प्रस्थान करने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में पटवारी दुष्यंत कुमार कुर्रे, का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) सारंगढ़ निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं।

### सीएसआर मद की डॉक्टर आपके द्वार टीम गांव में करेंगे इलाज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** भारत सरकार के महारत्न आरईसी संस्था द्वारा जिले में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन से डॉक्टर आपके द्वार की टीम ग्रामीणों के इलाज के लिए 5 फरवरी को जिले के बरमकेला ब्लॉक के ग्राम खोरीगांव में, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम कंवलाझार तथा खम्हारपाली के आश्रित गांव बागबंध में, बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम बांसउरकुली और टेडीभद्रा में स्वास्थ्य सेवाएं देंगे। प्रत्येक एमएमयू वाहन में चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, फार्माशिष्ट उपलब्ध रहेंगे। एमएमयू वाहन में वजन, खून की मात्रा हीमोग्लोबिन जांच, बल्ड प्रेशर और श्वास (ऑक्सीमेट्री) जांच सुविधाओं के साथ निशुल्क दवा वितरण व्यवस्था रहेगी।

### व्यय प्रेक्षक अजय कुमार सांडे ने नगर पंचायत अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का किया अवलोकन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त, व्यय प्रेक्षक अजय कुमार सांडे ने नगर पंचायत सरसिंवां, भटगांव, पवनी, बिलाईगढ़, नगर पंचायत बरमकेला एवं सरिया का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 के अभ्यर्थियों से व्यय के लेखा जोखा के प्रस्तुति के संबंधी में जानकारी दी और व्यय लेखा का अवलोकन किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के द्वारा खर्च की जांच की गई। लेखा अधिकारियों ने इस दौरान अभ्यर्थियों के व्यय का अनुवीक्षण जांच किया।निरीक्षण के दौरान कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, उप कोषालय अधिकारी दलबीर सिदार, सहायक लेखा अधिकारी सुधा कश्यप, मालिक राम लहरे, लाइजनिंग अधिकारी बजरंग सिंह पैकरा उपस्थित थे।

### 5 और 6 फरवरी को होगा पंचायत चुनाव में नामांकन वापसी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव अंतर्गत जिले में जिला, जनपद और ग्राम पंचायत के सदस्य, सरपंच और पंच के लिए नामांकन की वापसी 06 फरवरी 2025 तक निर्धारित है। अभ्यर्थी ने जिस संबंधित कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र जमा किया, उस जोन कार्यालय में नामांकन की वापसी कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रत्याशियों की सूची और चुनाव चिन्ह 06 फरवरी 2025 को जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पंचायत चुनाव अंतर्गत न्यायालय अपर कलेक्टर में जिला पंचायत सदस्य अंतर्गत सारंगढ़ क्षेत्र क्रमांक 5 से 9 और बरमकेला क्षेत्र क्रमांक 1 से 4 तथा न्यायालय कलेक्टर में बिलाईगढ़ क्षेत्र क्रमांक 10 से 14 तक के सदस्य हेतु, सारंगढ़ जनपद पंचायत के 25 सदस्य हेतु तहसील कार्यालय सारंगढ़ में, बरमकेला जनपद पंचायत के 25 सदस्य हेतु तहसील कार्यालय बरमकेला में और बिलाईगढ़ जनपद पंचायत के 25 सदस्य हेतु तहसील कार्यालय बरमकेला में नाम वापसी प्रक्रिया कर सकते हैं। इसी प्रकार संबंधित कार्यालय जहां अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया, उस जोन कार्यालय में पंच सरपंच पद के नामांकन की वापसी कर सकते हैं।

### मुखबीरी के शक में नक्सलियों ने फिर की दो ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** सुरक्षाबलों की ओर से की जा रही लगातार कार्रवाई के बाद भी नक्सली अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। छिटपुट घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीत अब नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना करतूत को अंजाम दिया है। माओवादियों ने बीजापुर जिले में दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना इलाके का है। यहां नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया। मृतकों की पहचान राजू कारम और मुन्ना माडवी के रूप में हुई है। नक्सलियों ने दोनों पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

# साइबर ठगी में इस्तेमाल म्यूल खातों का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़**

पुलिस मुख्यालय रायपुर की तकनीकी सेल द्वारा साइबर ठगी से जुड़ी बड़ी कार्रवाई में करोड़ों रुपये के लेन-देन में इस्तेमाल किए गए म्यूल बैंक खातों का खुलासा हुआ है। इन खातों का उपयोग साइबर ठगों द्वारा धोखाधड़ी से प्राप्त राशि को जमा करने, खर्च करने और बढ़ाने के लिए किया जाता था। इस संबंध में थाना चक्रधरनगर को पुलिस मुख्यालय से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 59 बैंक खाताधारकों और अन्य संबंधितों पर कल दिनांक 03.02.2025 को अपराध क्रमांक 58/2025 के तहत धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस के तहत धोखाधड़ी और संगठित अपराध की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**साइबर ठगी का खेल**

जांच में पाया गया कि हेमंत मालाकार निवासी बासनपाली थाना पुसौर, स्थानीय खाताधारकों से उनके बैंक खाते प्राप्त कर आर्य शुबल पटेल निवासी बाझिनपाली जूटमिल को सौंपता था। इसके बाद, आर्य शुबल पटेल इन खातों को आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराता था। इस प्रक्रिया में दोनों को भारी कमीशन मिलता था। इस संबंध में आगे विस्तृत जांच की जा रही है।

**आरोपियों के खातों में लाखों का लेन-देन**

जांच के दौरान साइबर सेल रायगढ़ से प्राप्त दस्तावेजों में खुलासा हुआ कि—

1. कौशल सिदार के खाते में एक बार में रु.1,00,000 जमा हुआ।
2. धनीचरण बरेठ के खाते में 14 बार अलग-अलग तारीखों में कुल रु.8,50,000 ट्रांसफर किए गए।

खाताधारकों को यह स्पष्ट जानकारी थी कि यह धनराशि साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त की गई है और यह अवैध संपत्ति है। पूछताछ में चारों आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें कल शाम गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी**

1. आर्य शुबल पटेल (31) निवासी बाझिनपाली, जूटमिल, रायगढ़।
2. हेमंत मालाकार (25) निवासी बासनपाली, पुसौर, रायगढ़।
3. कौशल सिदार (22) निवासी नंदेली, कोतरारोड़, रायगढ़।
4. धनीचरण बरेठ (26) निवासी कुसमुरा, कोतरारोड़, रायगढ़।

**पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी**

एसपी दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन पर इस कार्रवाई में साइबर सेल डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, निरीक्षक प्रशांत राव, थाना प्रभारी चक्रधरनगर, उप निरीक्षक गेंदलाल साहू, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे के साथ साइबर सेल और थाना चक्रधरगर स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रायगढ़ पुलिस ने अपील की है कि लोग म्यूल खातों के जाल में न फंसे और अपने बैंक खाते को अनजान व्यक्तियों के साथ साझा न करें। रायगढ़ पुलिस का यह अभियान साइबर अपराधियों पर लगातार जारी रहेगा।

# पुसौर पुलिस ने तीन फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार



**रायगढ़**

पुसौर पुलिस द्वारा फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज पुसौर पुलिस ने दो स्थायी वारंटियों और एक गिरफ्तारी वारंटी को धर दबोचा है।

जानकारी के अनुसार, माननीय न्यायालय द्वारा मारपीट के एक मामले में श्याम लाल बरेठ (65) निवासी सुपा, थाना पुसौर के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था। वहीं, विद्युत अधिनियम उल्लंघन के मामले में भूपेंद्र सिंह चौधरी (36) निवासी छोटे भंडार, पुसौर पर स्थायी वारंट लंबित था। इसके अलावा, आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज एक प्रकरण में श्याम लाल यादव (63) निवासी तेतला, पुसौर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

एसपी दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित बंजारे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फरार वारंटियों के ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया और वारंट के परिपालन में न्यायालय पेश किया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक कुंदन लाल गौड़, प्रधान आरक्षक योगेश उपाध्याय और आरक्षक ओशनिक विश्वाल की अहम भूमिका रही। पुसौर पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# झोपड़ीपारा विवाद : जूटमिल पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्यवाई, पांच युवक भेजे गए जेल



**रायगढ़**

झोपड़ीपारा जूटमिल में रहने वाले प्रवीण चौहान और उसके पड़ोसी महेश्वरी दास महंत के बीच खाना बनाने को लेकर हुआ मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस को मौके पर पता चला कि दोनों पक्षों के बीच पहले से ही मनमुटाव था। जब पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो वे और ज्यादा उग्र हो गए और झगड़ा करने लगे। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच लोगों को हिरासत में लिया और धारा 170/126, 135(3) BNSS के तहत मामला दर्ज कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद जूटमिल पुलिस ने प्रवीण चौहान, उसके तीन भाइयों और महेश्वरी दास महंत को जेल दाखिल कर दिया।

गिरफ्तार अनावेदक:

1. नीतीश चौहान (26) पिता स्व. डोरीलाल चौहान
2. प्रवीण चौहान (33)
3. रितिक चौहान (23)
4. सतीश चौहान (20)
5. महेश्वरी दास महंत (22) पिता साहेब दास महंत

सभी आरोपी कबीर चौक, झोपड़ीपारा, थाना जूटमिल के निवासी हैं। जूटमिल पुलिस आगे भी ऐसे उपद्रवी तत्वों पर कार्रवाई करेगी जिससे इलाके में शांति बनी रहे।

# बर्ड फ्लू नियंत्रण निर्देशों के उल्लंघन पर 8 होटलों पर 65 हजार का लगाया जुर्माना

- सभी होटल संचालकों को गाइडलाइंस के अनिवार्य पालन के दिए गए दिशा-निर्देश
- चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के संक्रमण वायरल टेस्ट का रिजल्ट आया नेगेटिव





**रायगढ़**

बर्ड फ्लू नियंत्रण के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत नगर निगम क्षेत्र में जांच दल द्वारा पोल्ट्री पदार्थों के विक्रय और उपयोग के संबंध में पोल्ट्री मार्केट और होटलों की औचक जांच की गई। चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के संक्रमण वायरल टेस्ट कराया गया। जिसका रिजल्ट नेगेटिव आया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'इंफेक्टेड जोन' में डोर टू डोर संपर्क कर लोगों को सर्दी बुखार की स्थिति में तत्काल उपचार लेने की सलाह दी।

नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि शहर में आमंत्रण होटल, जानकी होटल, पंजाब होटल सहित 8 होटलों में औचक जांच में यहां चिकन पकाते पाया गया। इस पर इन होटलों पर कुल 65 हजार का जुर्माना लगाया गया और चिकन पकाने को बंद कराते हुए सभी होटल प्रबंधन को बर्ड फ्लू के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनिवार्य रूप से पालन करने की समझाईश दी गई। इसके साथ ही पोल्ट्री मार्केट की भी लगातार जांच जारी है।

बर्ड फ्लू नियंत्रण प्रोटोकॉल के तहत पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के सैंपल लिए गए थे। जो संक्रमण वायरल टेस्ट निगेटिव पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'इंफेक्टेड जोन' में लोगों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे कर लोगों स्वास्थ्य के लिहाज से जरूरी दिशा-निर्देश बताते हुए सर्दी बुखार की दशा में तत्काल उपचार लेने की सलाह दी गई है।

# निर्वाचन की सभी तैयारियों को दें अंतिम रूप -कलेक्टर

- कलेक्टर गोयल ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की
- गर्मियों में पेयजल आपूर्ति को लेकर जरूरी व्यवस्थाओं के दिए निर्देश





**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन कार्यों की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर गोयल ने कहा कि निर्वाचन कार्यों के अंतर्गत सभी अधिकारी-कर्मचारी उनको दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता से करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के प्रशिक्षण के साथ ही अब ईवीएम के रेंडमाइजेशन का काम पूरा किया जाएगा। जिसके पश्चात मशीनों की कमीशनिंग का कार्य निर्धारित गाइडलाइन और समयावधि में पूरा करना है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए।

कलेक्टर गोयल ने ईवीएम मशीनों के डेमो प्रदर्शन जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डों में तय शेड्यूल के अनुसार पूरा करें। इससे लोगों को ईवीएम से मतदान के पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सभी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करवा लें। कलेक्टर गोयल ने मतदान सामग्री वितरण की तैयारियों के साथ ही सभी नगरीय में स्ट्रांग रूम में जरूरी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर गोयल ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति के लिए अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को पेयजल के लिए समस्या न हो।

**बर्ड फ्लू को लेकर बरतें एहतियात**

कलेक्टर गोयल ने कहा कि बीते दिनों बर्ड फ्लू का मामला रायगढ़ में आया। इसको लेकर भारत सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार एहतियाती कदम उठाए गए हैं। 'इंफेक्टेड और सर्विलांसÓ जोन बनाकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से पोल्ट्री उत्पादों को लेकर इन जोन में निगरानी रखी जाए।

# रायगढ़ में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर दिया सुरक्षा और शांति का संदेश



**रायगढ़**

चुनावी आचार संहिता लागू होते ही रायगढ़ पुलिस एक्शन मोड में है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के लिए एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देशन में पुलिस ने शहर में भव्य फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधिकारियों और जवानों ने पैदल मार्च कर यह साफ संदेश दिया कि शांति भंग करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है।

फ्लैग मार्च की शुरुआत रामलीला मैदान से हुई और पुलिस दस्ते ने घड़ी चौक, हटरी चौक, सुभाष चौक, अग्रसेन चौक, शहीद चौक, हेमू कलानी चौक होते हुए चक्रधरनगर तक का कड़ा पहरा देते हुए गश्त किया। पुलिस की मौजूदगी से पूरा शहर सख्त कानून व्यवस्था के संदेश से गूंज उठा।

एसपी दिव्यांग पटेल ने मार्च से पहले पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। फ्लैग मार्च का मकसद कानून-व्यवस्था बनाए रखना और जनता को यह विश्वास दिलाना था कि पुलिस हर हाल में सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

फ्लैग मार्च में सीएसपी आकाश शुक्ला, प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मेहर, डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, उत्तम प्रताप सिंह, सुशांतो बनर्जी, निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रशांत राव, मोहन भारद्वाज, रामकिंकर यादव, हर्षवर्धन सिंह बैस, सीताराम ध्रुव, विजय चेलक समेत भारी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा।

कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी और चुनावी माहौल को बिगाड़ने की कोशिश किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ के 3 जवान घायल

**दंतेवाड़ा | आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में एंटी नक्सल ऑपरेशन से अब नक्लसियों की कमर टूटने लगी है. मुठभेड़ में मिल रही विफलताओं से माओवादियों में बौखलाहट है. इसलिए जवानों को नुकसान पहुंचाने नक्सली लगातार आईईडी प्लांट कर रहे हैं. आज पुरंगेल के जंगल में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ के 3 जवान घायल हो गए. इसकी पुष्टि बस्तर रेंज आईजी पी सुंदरराज ने की है. घायल जवानों को इलाज के लिए रायपुर लाया गया है. जानकारी के मुताबिक, संयुक्त टीम के साथ हीसीआरपीएफ 231 बटालियन के जवान सोमवार सुबह सर्चिंग पर निकले थे. किरंदुल थाना क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल गांव के जंगलों में नक्सलियों ने आज आईईडी ब्लास्ट किया. जिसकी चपेट में आने से एक जवान बुरी तरह से घायल हो गया. साथ ही दो और जवानों को मामूली चोट आई हैं. घायल जवान प्रमोद कुमार का पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है. क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है. घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है.

एयरलिफ्ट कर आईईडी ब्लास्ट में घायल दो जवानों को रायपुर लाया गया है. यहां एक निजी अस्पताल में जवान का इलाज जारी है. अस्पताल के प्रबंधन निदेशक डॉ. सुनील खेमका ने कहा कि जवानों को यहां लाया गया है, एक और जवान को जल्द ही यहां भर्ती किया जाएगा. घायल जवान प्रमोद कुमार के पैर में चोटें आई हैं, हम उनका ऑपरेशन करेंगे. दूसरे जवान विजय कुमार को मामूली चोटें आई हैं.

# तेज रफ्तार हाइवा दुर्घटनाग्रस्त, चालक-परिचालक केबिन में फंसे

**भिलाई-रायपुर | आरएनएस**



भिलाई के छावनी थाना अंतर्गत सीएसपी कार्यालय से कुछ दूर पहले एक रेत से भरा हाईवा लोहे के पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि हाइवा के सामने का हिस्सा पूरा अंदर घुस गया। हाइवा में बैठा चालक और परिचालक दोनों उसके अंदर फंस गए। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह 9 बजे एक रेत से भरा हाईवा क्रमांक 2697 सेक्टर 1 की तरफ से नंदिनी जाने वाले ओवर ब्रिज से आ रहा था। वो जैसे ही ब्रिज से नीचे उतरा उसका संतुलन बिगड़ गया और हाइवा सीधे डिवाइडर पर लगे बड़े से लोहे के पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि पूरा छावनी कैंप 2 में टकराने की आवाज आई। सूचना मिलते ही छावनी पुलिस मौके पर पहुंची। लोग वहां राहत बचाव कार्य करने पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शी प्रदीप सिंह ने बताया कि लोहे के पोल से टकराने से ट्रक के सामने का हिस्सा पूरा अंदर घुस गया। अंदर बैठा ड्राइवर बुरी तरह फंस गया है। साथ ही परिचालक भी फंसा था।

लोगों ने किसी तरह से हाइवा के अंदर से परिचालक को बाहर निकाल लिया, लेकिन चालक स्टेरिंग के बीच में ही फंसा हुआ है। उसे निकालने के लिए छावनी पुलिस ने गैस कटर मंगाया है। ट्रक के सामने केबिन का हिस्सा काटने के बाद ही चालक को निकाला जा सकेगा। खबर लिखे जाने तक वो हाइवा के अंदर ही फंसा है। आपको बता दें कि सेक्टर 1 से नंदिनी की ओर जाने के लिए छोटी यानि नॉन कामर्सियल गाडिय़ों को आने जाने के लिए रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज बना हुआ है। यहां से हैवी कामर्सियल गाडिय़ों का आना जाना प्रतिबंधित है। इसके बाद भी पुलिस से सांठगांठ करके रेत और फ्लाई ऐश से भरे हाईवा और ट्रक धड़ल्ले से गुजरते हैं। जिस जगह रेत से भरा हाइवा टकराया है वहां ऐसी घटना अक्सर होती रहती है। एक महीने पहले ही एक डीसीएम ट्रक सीएसपी छावनी के कार्यालय में बाउंड्री तोड़ते हुए गुस गया था। इसके बाद पुलिस प्रशासन यहां से ट्रक निकलने पर रोक नहीं लगा पा रहा है।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480